



## एक नजर में

### ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**इंदौर :** लसूड़िया पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित फिरोज हुसैन निवासी बरुईपुर श्रीनगर गोंडा उप्र को पकड़ा है। उसकी सात माह से तलाश थी। टीआइ तारेश सोनी के मुताबिक फिरोज ने पीड़िता से इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती की और होटल में मिलने बुलाया। उसने मरने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया और पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपित उप्र भाग गया। -नप्र

### एमडी ड्रग्स सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर :** अपराध शाखा ने दो तस्करों को पकड़ा है। आरोपितों से लाखों रुपये कीमती एमडी ड्रग्स बरामद हुई है। दोनों ही तस्कर आदतन अपराधी हैं। पुलिस के अनुसार आरोपित गनी पटेल निवासी खजराना और मोहसिन मेव निवासी जावरा रतलाम है। मोहसिन 11वीं तक पढ़ा है और पानी की बोतल बनाता है। उसके विरुद्ध पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज हो चुका है। -नप्र

### सब्जी व्यापारी से मारपीट दुकान में तोड़फोड़

**इंदौर :** लसूड़िया थाना क्षेत्र में सब्जी व्यापारी राज राधेश्याम कुशवाह निवासी बायपास के साथ आरोपित विकास रघुवंशी व उसके साथियों ने मारपीट कर दी। राज की सब्जी की दुकान में भी तोड़फोड़ कर डाली। राज ने पुलिस को बताया कि आरोपितों ने कार के बारे में पूछा और कहा कि इसमें तुम लड़की को लेकर आए हो। आरोपितों ने विवाद किया और मारपीट की। -नप्र

### उमस ने किया परेशान आज बूंदाबांदी के आसार

**इंदौर :** गुरुवार को गर्मी व उमस से परेशान लोगों को दोपहर बाद हल्के बादल छाने से राहत मिली। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शुक्रवार को शहर में बादल छाएंगे और बूंदाबांदी होने के आसार हैं। दिन में तेज हवा चलने की भी संभावना है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इंदौर में अगले दो-तीन दिन अलग-अलग हिस्सों में वर्षा होने की संभावना है। -नप्र

### ससुर और साले ने गिराया पत्नी ने ऊपर बैठकर पीटा

**इंदौर :** पत्नी-बेटे से मिलने आए डाक्टर की ससुराल में पिटाई कर दी। ससुर और साले ने युवक को नीचे गिरा दिया। डाक्टर पत्नी सीने पर बैठ गई और चांटे मारे। हीरानगर पुलिस के अनुसार घटना अभिनंदन नगर की है। अवधपुरी कालोनी ग्वारी घाट जबलपुर निवासी डा. रवि कुमार ने डा. शिवाली (पत्नी), अशोक कैथवास (ससुर) व पीयूष कुमार (साला) पर केस दर्ज किया। नप्र

### पारिवारिक विवाद में किसान ने जहर खाया

**इंदौर :** असरावद खुर्द में रहने वाले किसान दीपक राजपूत ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। तेजाजी नगर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। आत्महत्या के पीछे पारिवारिक विवाद की जानकारी सामने आ रही है। पुलिस के अनुसार दीपक खेती करता था। दो जून को जहर खाने के कारण भर्ती करवाया था। बुधवार को उसने एमवाय अस्पताल में दम तोड़ दिया। -नप्र

---

इंदौर-दाहोद रेल लाइन प्रोजेक्ट: दिसंबर 2025 तक इंदौर-धार रेलखंड पर चलने लगेगी ट्रेन, सितंबर तक पूरा हो जाएगा टनल का कार्य

# इसी महीने से शुरू होगा टनल के भीतर पटरी बिछाने का काम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर:** इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन प्रोजेक्ट में पिछले तीन वर्षों से युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। 204 किमी लंबे इस प्रोजेक्ट को अलग-अलग सेक्शन में पूरा किया जा रहा है।

इंदौर-टीही सेक्शन पर रेल कनेक्टिविटी होने के बाद अब टीही से धार सेक्शन का काम चल रहा है। इस सेक्शन में 270 करोड़ की लागत से बन रही 2.9 किमी लंबी टनल की फिनिशिंग का काम जारी है। टीही-धार सेक्शन में 46 किमी के हिस्से में रेल लाइन बिछाने, अर्थवर्क, स्टेशन भवन, आरओबी, अंडरपास आदि काम तेजी से किए जा रहे हैं। रेलवे ने टनल का काम सितंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है, ताकि दिसंबर तक इंदौर-धार के बीच ट्रेन संचालन शुरू हो सके।

टनल बनने के बाद अब फाइनल फिनिशिंग की जा रही है। अब तक 800 मीटर में लाइनिंग का काम पूरा किया जा चुका है। एक माह से एक साथ पांच मशीनें काम कर रही हैं। पानी का रिसाव रोकने के लिए जेंट्री के माध्यम से वाटरप्रूफ जियो टेक्सटाइल और मेमरीन लगाई जा रही है। इसके बाद भी पानी का रिसाव होने की स्थिति में ड्रेन लाइन भी बनाई गई है। रेलवे अफसरों के अनुसार इसी माह सुरंग के आधे हिस्से में ट्रैक बिछाने काम भी शुरू कर दिया जाएगा।




सुरंग में तेजी से लाइनिंग का काम किया जा रहा है। ● नईदुनिया

### सुरंग एक नजर में

- 2007-08 में रेलवे ने आठ हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की थी।
- इसके बदले करीब चार करोड़ रुपये का मुआवजा दिया।
- तीन किमी के दायरे में 15 मीटर चौड़ाई की जमीन का किया उपयोग।
- सुरंग से दो लाख 34 हजार क्यूबिक मीटर मलबा निकाला गया।
- अब तक 800 मीटर हिस्से में टनल पूरी तरह तैयार हो चुकी है।

### इसलिए जरूरी प्रोजेक्ट

पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ विनीत अभिषेक ने बताया कि इंदौर-दाहोद रेल प्रोजेक्ट काफी अहम है। यहां ट्रेन संचालन होने से इंदौर-मुंबई के बीच रेल मार्ग की दूरी कम हो जाएगी। आजादी के बाद अब धार, आलीराजपुर, झाबुआ सहित मप्र और गुजरात के जो क्षेत्र अब तक ट्रेन से अछूते थे, उन्हें ट्रेन सुविधा मिल जाएगी। इसके साथ ही पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र का गुड्स सीधे मुंबई, साउथ व अन्य पोर्ट पर सीधे चला जाएगा। सागौर रेलवे स्टेशन से ही मल्टी लाजिस्टिक पार्क के लिए रेल लाइन की कनेक्टिविटी रहेगी। स्टेशन से पार्क करीब तीन किमी दूर बन रहा है।



---

### कर्मचारी 22 लाख की धोखाधड़ी में गिरफ्तार



विश्वविद्यालय परिसर से हुई लखन कायत की गिरफ्तारी। ● नईदुनिया

**इंदौर:** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कर्मचारी लखन कायत को नागदा पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में गुरुवार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी विवि के भीतर से ही की गई। कायत धारा 420, 467, 468 के तहत दर्ज धोखाधड़ी के प्रकरण में आरोपित है। उसे दोपहर में फिजिकल एजुकेशन विभाग से गिरफ्तार किया। लखन कायत द्वारा नागदा निवासी इमरान से 22 लाख रुपये लेकर जमीन बिक्री के नाम पर ठगी की गई। फर्जी दस्तावेजों बनाकर जमीन बताई गई। इमरान की शिकायत पर नागदा पुलिस ने विवि के कर्मचारी के साथ भाई संजीव कायत, पिता रामप्रसाद, माता सायरा बाई को भी आरोपित बनाया है। पुलिस नागदा ने कूट रचित दस्तावेजों को तैयार करने का प्रकरण दर्ज हुआ है।

---

# करोड़ों की उधारी, सजावट की तैयारी

**एआइटीसीएसएल** ● लोक परिवहन की सुविधा देने वाली कंपनी की माली हालत खराब

संजय रजक ● नईदुनिया

**इंदौर :** उधारी का घी पीने वाले अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड (एआइसीटीएसएल) पर 58.27 करोड़ रुपये की देनदारी हो गई है। पूरे शहर में सिटी और आइ बस की सेवा देने वाली इस कंपनी की माली हालत इतनी खराब हो चुकी है कि 172 बसें सड़क से हट चुकी हैं। बावजूद कंपनी अपनी शान-ओ-शौकत में किसी तरह कमी नहीं रखना चाहती है। इसलिए कंपनी अपने एक भवन में 1.5 करोड़ रुपये से साजसज्जा कराने की तैयारी में है। इसके लिए टेंडर भी अवार्ड हो चुका है।

एआइसीटीएसएल द्वारा बीआरटीएस, शहर और राज्य के कुछ शहरों में लोक परिवहन सेवाएं मुहैया करा रही है। वर्तमान में 583 में से 411 बसों का संचालन किया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन 1.5 लाख यात्री सफर कर रहे हैं। कंपनी का बस संचालन माडल और नीतियां कुछ इस तरह रही कि पिछले सात वर्ष में कंपनी पर करोड़ों रुपये की उधारी हो चुकी है। 27 फरवरी को न्यायालय ने बीआरटीएस को पूर्ण से हटाने के आदेश जारी किए थे। इसके बाद कंपनी ने बीआरटीएस पर विज्ञापन सेवाएं भी बंद कर दी है, जिससे स्थिति ओर अधिक बिगड़ गई है।




शहर में कंपनी आइबस का संचालन करती है। ● नईदुनिया

### सात वर्ष में 58 करोड़ रुपये की उधारी

| वित्त वर्ष | सिटी बस और बीआरटीएस से आय (करोड़) | सिटी बस और बीआरटीएस पर व्यय (करोड़) | कुल नुकसान (करोड़) |
|---|---|---|---|
| 2018-19 | 42.79 | 48.25 | 5.46 |
| 2019-20 | 50.62 | 54.46 | 3.84 |
| 2020-21 | 11.07 | 19.99 | 8.91 |
| 2021-22 | 25.38 | 39.12 | 13.74 |
| 2022-23 | 79.93 | 87.91 | 7.58 |
| 2023-24 | 85.30 | 95.90 | 10.60 |
| 2024-25 | 71.58 | 79.72 | 8.13 |
| कुल | 366.68 | 424.95 | 58.27 |

### यहां चल रही हैं बसें

- बीआरटीएस पर 30 ईवी आइ बसें
- शहर के 38 रूट पर 409 में से 260 सिटी बसें
- इंटर सिटी और इंटर स्टेट श्रेणी में 144 में से 121 बसों का संचालन हो रहा है।



"निर्माणाधीन इमारत अधूरा काम पूरा किया जाना है। इसके लिए टेंडर अवार्ड किया गया है।"
– मनोज पाठक, प्रभारी सीईओ, एआइसीटीएसएल

एआइसीटीएसएल की पुरानी इमारत में साजसज्जा एक करोड़ 50 लाख रुपये से की जाना है। इसके लिए मार्च में टेंडर जारी किए गए थे। टेंडर 24 फीसदी न्यूनतम दर पर काम करने वाली एजेंसी को दिया गया है। यह एजेंसी एक करोड़ 14 लाख रुपये से साजसज्जा का काम करेगी। यह काम भी इस वक्त किया जा रहा है, जब कंपनी की माली हालत काफी खराब है।

### सरपंच पति पर एट्रो सिटी एक्ट में प्रकरण दर्ज

**इंदौर :** खुड़ैल पुलिस ने सरपंच पल्लवी यादव के पति संदीप सहित तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपितों पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पीड़ितों ने जबरदस्ती जमीन हथियाने का आरोप भी लगाया है।

एसआइ देवेश पाल के मुताबिक जामनिया खुर्द निवासी चंदर बमूरिया ने आरोपित संदीप यादव, सुमित यादव और कन्हैया यादव के खिलाफ केस दर्ज करवाया। संदीप की पत्नी पल्लवी ग्राम बिहाड़िया की सरपंच है और पूर्व मंत्री जीतू पटवारी की समर्थक है। संदीप पर जमीन की हेराफेरी का आरोप लगाया गया है। बिचौली हप्सी के एसडीएम ने जांच की। कोटवार प्रकाश द्वारा की गई शिकायत की भी जांच चल रही है।

**धमकाने का आरोप :** जमीन की धोखाधड़ी के मामले में लिप्त आरोपित नवनीत गर्ग की गिरफ्तारी की मांग की गई है। पीड़ित प्रवीण अग्रवाल ने आइजी को शिकायत कर आरोपितों पर धमकाने का आरोप लगाया है। नौलखा निवासी प्रवीण ने बड़गौंदा थाना में केस दर्ज करवाया था। आरोप है कि नवनीत की सेशन और हाई कोर्ट से जमानत निरस्त हो चुकी है।

## बच्ची को हौज में डुबोया, ढक्कन बंदकर निर्दयी मां ने मोटर रखी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर:** आठ माह की बच्ची मायरा की मौत के मामले में उसकी मां वर्षा के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है।



वर्षा

एसीपी शिवेंदु जोशी के मुताबिक वर्षा की प्रजापत नगर निवासी अविनाश चौहान से दूसरी शादी हुई है। पहले पति से तलाक हो चुका है। वह एक बेटी के साथ गुजरात में रहता है। वर्षा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। अविनाश के माता-पिता से विवाद होता रहता था। सास उसे बच्ची नहीं देती थी। इससे वह थी। बुधवार सुबह सास-ससुर बाहर चले गए थे। अविनाश बाथरूम में था। आंगन में खेल रही मायरा को वर्षा ने हौज में डूबो दिया। उसने हौज का ढक्कन लगाया और उस पर पानी की मोटर रख दी।

वर्षा ने खुद ही शोर मचाया और मायरा-मायरा चिल्लाने लगी। वह अविनाश के साथ बच्ची को इधर-उधर ढूंढने लगी। रहवासी भी एकत्र हो गए। उन्होंने हौज में देखने का बोला तो वर्षा ने कहा इतना भारी ढक्कन उठाकर वह कैसे गिरेगी। उसने हौज खोलने से मना कर दिया। इस पर लोगों को शक हो गया और वर्षा की पोल खुल गई।

### स्कूल-उद्यान का सुधार होगा, बनेंगी सड़कें

**इंदौर:** वार्ड 72 के रहवासियों को जल्द विकास की सौगात मिलेगी। स्कूल भवन, ड्रेनेज लाइन डालने, उद्यानों का जीर्णोद्धार और सड़कों के सीमेंटीकरण जैसे 14 विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन हुआ। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़, एमआइसी सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू, पार्षद योगेश गेंदर उपस्थित थे। महापौर ने पर कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था में लगातार सुधार हमारा लक्ष्य है। शहर के हर वार्ड में समान रूप से विकास पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।

## ट्रेन और प्लेटफार्म के गेप में फंसी युवती, मौत

- इंदौर में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी
- सहेली के साथ अपने घर सिवनी जाने के लिए निकली थी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर:** चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में युवती हादसे का शिकार हो गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी।

शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) टीआइ रश्मि पाटीदार के मुताबिक घटना बुधवार रात करीब आठ बजे की है। स्वामी विवेकानंद वार्ड सिवनी निवासी 21 वर्षीय गुंजन सिवेदी की मौत हुई है। वह इंदौर में भोलाराम उस्ताद मार्ग अम्बिकापुरी में किराये से रहती थी। रात को सहेली रिषु के साथ इंदौर-जबलपुर ओवर नाइट ट्रेन से घर जा रही थी। दोनों को ट्रेन पकड़ने में देरी हो गई। प्लेटफार्म पर पहुंची तो उनके सामने ही ट्रेन चलने लगी। रिषु ने दौड़ कर ट्रेन पकड़ ली। उसने गुंजन को भी डिब्बे में चढ़ाने का प्रयास किया और हाथ पकड़ लिया। गुंजन ट्रेन के साथ दौड़ी। मगर अचानक मोड़ आ गया और गुंजन का पैर फिसल गया। ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच गेप होने से गुंजन बीच में फंस गई। लोगों ने चेन खींच कर ट्रेन रुकवाई। टीआइ के अनुसार गंभीर अवस्था में उसको अस्पताल भिजवाया। मगर देर रात उसकी मौत हो गई। शव मां सुनीता को सौंप दिया गया है।

## एटीएम तोड़कर रुपये चुराने की कोशिश बदमाशों ने स्क्रीन और कैमरे तोड़े

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर:** बदमाशों ने निजी बैंक के एटीएम में तोड़फोड़ कर रुपये चुराने की कोशिश की। स्क्रीन, बेल्ट व लाक तोड़ा। सीसीटीवी कैमरा भी डैमेज किया।

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक घटना एसआर चौधरी मार्केट पिंक सिटी के पास की है। पंकज माहेश्वरी निवासी संविद नगर (कनाड़िया) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पंकज वन इंडिया एटीएम में कैश लोडिंग का काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि घटना 2 जून की रात की है। एटीएम बूथ में गार्ड नहीं था। बुधवार को सर्वर डाउन होने पर बेंगलुरु से काल आया और वह मौके पर पहुंचा। एटीएम टूटा हुआ था। उसकी स्क्रीन, प्रेजेंटर, बेल्ट भी टूटा था। सीसीटीवी कैमरे में फूटे हुए थे। पुलिस के मुताबिक केस दर्ज किया है। हालांकि बदमाश रुपये नहीं निकाल पाए।


**LIC** भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

**भारतीय जीवन बीमा निगम**
मंडल कार्यालय, ''जीवन प्रकाश'' 19, एम.जी.रोड, इन्दौर-452001

**सेवा प्रदायको के पंजीकरण हेतु सूचना**

भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डल कार्यालय, इंदौर अपने अंतर्गत आने वाले समस्त कार्यालयों हेतु निम्नलिखित सेवाओं के लिए सूचीबद्ध होने हेतु सेवा प्रदायको से, जिन्हें इस कार्य का अनुभव हो, मोहरबंद लिफाफे में आवेदन आमंत्रित करता है।

| क्र | केटेगरी |
|---|---|
| 1 | अतिथि गृह इंदौर, उज्जैन के रखरखाव एवं विक्रय प्रशिक्षण केंद्र की कैंटीन के रखरखाव हेतु |
| 2 | अतिथि गृह हेतु आवश्यक सामग्री |
| 3 | हॉउस होल्ड सामग्री |
| 4 | कूरियर की सर्विस (सिर्फ स्थानीय इंदौर के वेंडर्स के लिए) |
| 5 | एयर ट्रेवल एजेंसी |
| 6 | पुराने रिकॉर्ड का विनिष्टीकरण / स्क्रैप डिस्पोजल |
| 7 | टैक्सी सेवाएं अधिकारियों के कार्यालय दौरे हेतु |
| 8 | मण्डल कार्यालय के बीमा उद्यान के रखरखाव हेतु |
| 9 | कंप्यूटर कंटीन्यूअस स्टेशनरी |
| 10 | प्रिंटेड फॉर्म्स /बुक्स/लीफ्लेट्स/डॉकेट इत्यादि |
| 11 | लिफाफे (प्रिंटेड एवं अन्य) |

आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि **25.06.2025** सायं **4.30 बजे** है, आवेदन शुल्क ₹295/- (जी.एस.टी सहित)। संपूर्ण जानकारी हेतु हमारी वेबसाइट पर www.licindia.in/tenders पर log-on करें अथवा निगम के कार्य दिवसों (अवकाश के दिनों को छोड़कर) में उपरोक्त दर्शाये गए पते पर कार्यालय सेवा विभाग से संपर्क करें।

**दिनांक : 06.06.2025** **वरिष्ठ मंडल प्रबंधक**


**सुखलिया** बरसात के बाद सीमेंटीकरण करेगा नगर निगम

## ड्रेनेज लाइन का काम पूरा, सड़क बदहाल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर:** सुखलिया क्षेत्र के सीएम-2 सेक्टर में हाल ही में ड्रेनेज लाइन बदलने का काम पूरा हुआ है। इससे इलाके के लोगों को पुराने समय से चली आ रही गंदे पानी की समस्या से राहत जरूर मिली है, लेकिन अब उन्हें सड़क की खराब हालत का सामना करना पड़ रहा है।

ड्रेनेज लाइन बिछाने के लिए नगर निगम ने कुछ महीने पहले सड़क की खोदाई की थी। काम पूरा होने के बाद सड़क की मरम्मत नहीं की गई, बल्कि गड्ढों को सिर्फ बोल्डर पत्थर डालकर पाटा गया है। इस वजह से सड़क पर चलना खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए बेहद मुश्किल हो गया है। सड़क की ऊबड़-खाबड़ स्थिति के कारण गाड़ियों का संतुलन बिगड़ जाता है और आए दिन हादसे हो रहे हैं। रहवासियों की मांग है कि सड़क की मरम्मत जल्द से जल्द की जाए, ताकि आए दिन हो रहे हादसों से उन्हें राहत मिल सके और सुरक्षित आवागमन संभव हो।



सुखलिया में ड्रेनेज के काम के बाद सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। ● नईदुनिया

कुछ साल पहले ही इस क्षेत्र में सीमेंटेड सड़क बनाई गई थी, लेकिन उस समय ड्रेनेज की पुरानी लाइन नहीं बदली गई। अब जब ड्रेनेज की नई लाइन डाली गई है, तो सड़क की हालत और खराब हो गई है। निगम का कहना है कि अभी सड़क पर अस्थायी तौर पर मिट्टी और बोल्डर डाले गए हैं ताकि बरसात में परेशानी न हो। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि उन्होंने पार्षद और जोनल अधिकारियों से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ऊपर से रात के समय स्ट्रीट लाइट भी बंद रहती हैं। इससे दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ जाता है। सुखलिया जोन के अधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि फिलहाल गड्ढों को भरने के लिए अस्थायी इंतजाम किए गए हैं। बरसात के मौसम के बाद सीमेंटीकरण किया जाएगा।